**Fourteenth Loksabha**

## Session : 6
## Date : 15-12-2005
## Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title : Need to extend the benefits of Government funded schemes to the poor non-Scheduled Tribes people in the forest dominated areas.

**श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जिन प्रान्तों में वन-बहुल क्षेत्र हैं उनकी ओर दिलाना चाहता हूं। ऐसे क्षेत्रों में आदिवासी, गैर-आदिवासी एवं वनवासी भाई रहते हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति समान होती है। इन क्षेत्रों में जहां ज्यादा प्रमाण में जंगल हैं, वहां रहने वाले नागरिक, चाहे किसी भी जाति के हों, उनका खेती एवं वन व्यवसाय के अलावा और कोई धंधा नहीं है। ऐसी स्थिति में सभी आदिवासी भाइयों की समान आय होती है। इसलिए आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाली सभी लोगों को सरकार की ओर से सभी सुविधाएं समान रूप से प्रदान की जानी चाहिए।

महोदय, आदिवासी क्षेत्रों में वर्तमान में भारत सरकार की कुछ ऐसी योजनाएं हैं जिनके अन्तर्गत केवल आदिवासी एवं ट्रायबल लोगों को ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिलता है। इन्हीं क्षेत्रों में रहने वाले अन्य जाति के लोगों को योजनाओं के उन लाभों से वंचित रखा जाता है, जैसे खेती करने के लिए सहायता प्रदान करना है या आदिवासियों के बच्चों को विशो पाठशालाएं खोलना और बच्चों को पढ़ाने की योजनाएं आदि। इनका लाभ उन क्षेत्रों में रहने वाले सभी जातियों के लोगों को मिलना चाहिए क्योंकि उनकी आय लगभग समान होती है।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे चन्द्रपुर और गढ़चिरोली में लगभग 80 प्रतिशत जंगल क्षेत्र है। वहां पर रहने वाले सभी जाति के लोगों की अतिशय गरीब अवस्था है और सभी दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले हैं और उनकी आय के भी साधन सीमित हैं। इसलिए यदि उन्हें न्याय देना है, तो आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले सभी जातियों के आदिवासी भाइयों को सरकार की योजनाओं का समान आर्थिक लाभ पहुंचना चाहिए। मेरी आपसे यही विनती cè[rpm80]।